जाग उठा हमारा आजाद हिन्दुस्तान

28 मार्च 2023

## बड़वाह में सनसनीखेज वारदात.......

# पिता ने चाकू घौप कर करदी अपने ही पुत्र की हत्या

## पिता का आरोप- 10 साल से बेटा कर रहा था मारने की कोशिश



**बड़वाह - एक बुजुर्ग ने अपने बेटे की चाकू मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद बुजुर्ग पिता ने कहा कि मैं झूठ नहीं बोलूंगा।भले आप मुझे फांसी पर चढ़ा दो। मैं मरने को तैयार हूं वह पिछले 10 साल से मुझे जान से मारने की कोशिश कर रहा था।**

**मामला बडवाह से 5 किलोमीटर दूर आगरवाडा का है।यहां एक 77 वर्षीय छतर सिंह पिता हीरालाल ने बुधवार को दोपहर 12.30 बजे अपने ही 40 वर्षीय बेटे राकेश की हत्या कर दी।इसके बाद खून से सने कपडों में वह बडवाह थाने पहुंचा और सरेंडर दिया।वहीं छतर सिंह के बेटे राकेश को बड़वाह सिविल अस्पताल लाया गया जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड दिया। डॉ. महेश जारवाल के मुताबिक चाकू पेट के ठीक ऊपर बीच में लगा है जो काफी डीप तक गया है।लेकिन वास्तविक स्थिति पोस्टमॉर्टम के बाद ही पता चलेगी।घटना के बाद थाना प्रभारी भी दल.बल के साथ ग्राम आगरवाड़ा पहुंचे।**

### इसलिए हुआ बाप.बेटे में विवाद

दरअसल छतर सिंह का अपनी पत्नी से विवाद हो रहा था।इस दौरान उसका बेटा राकेश आ गया तो उससे भी कहासुनी होने लगी।इसी बीच छतर सिंह ने राकेश के पेट पर चाकू मार दिया। बेटे को खून से लथपथ देख छतर सिंह की पत्नी कुसुमबाई ने प?ौसियों को आवाज लगाई।जबकि छतरसिंह मौके से चला गया। इसके तत्काल बाद गंभीर रूप से घायल राकेश को ग्रामीण सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के दौरान ही राकेश ने दम तोड़ दिया।

### छतरसिंह के भी हाथ और गर्दन पर चोंटें

हत्या के बाद बड़वाह थाने पहुंचे छतर सिंह को पुलिस अस्पताल लेकर पहुंची। उसके भी हाथ और गर्दन पर कट के निशान हैं वहीं उसे चेहरे पर काफी सूजन है। हत्या के बाद अपने बेटे को खो चुकी बुजुर्ग मां ने पुलिस थाने में अपने पति के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कराया है।जबकि अपने बेटे की हत्या करने वाले पिता को अपने किए का कोई अफसोस नजर नहीं आया।वह अस्पताल में कहता दिखाई दिया कि मैं झूठ नहीं बोलूंगा।चाहे तो आप मुझे फांसी पर चढ़ा दें।मेरा बेटा मुझे 10 साल से जान से मारने की कोशिश कर रहा था।

### पिता ने कहा कि मैं उसे नहीं मारता तो वह मुझे मार डालता

बेटे की हत्या का छतरसिंह को कोई अफसोस नहीं है।उसने अस्पताल में मीडियाकर्मियों के सामने ही अपना जुर्म कबूल करते हुए कहा कि मैं पिछले 10 साल से परेशान था।बेटा रोज शराब पीकर मुझे मारने की धमकी देता था। मैं उसे नहीं मारता तो वो मेरी हत्या कर देता। वह मेरे साथ ही रहता था। खाना भी खाता था। लेकिन मारपीट भी करता था।अत्यधिक शराब पीता था।मैं कब तक बर्दाश्त करता।सुबह भी मैं अपनी पत्नी को समझा रहा था लेकिन वह बीच में आ गया। पहले मुझे उसने मारा चाकू से वार किया।फिर मैंने अपने बेटे को चाकू से मार डाला। छतरसिंह के मुताबिक वह अपनी पत्नी को भी बहुत गालियां बकता था यही कारण की उसकी पत्नी भी काफी समय से उसके साथ नहीं रह रही थी।

### बिस्तर के नीचे चाकू रखकर सोता था

जानकारी के मुताबिक छतरसिंह का पत्नी से चरित्र शंका को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था।बुधवार सुबह भी दोनों के बीच विवाद हो रहा था।तभी राकेश वहां आया।उसने मां से विवाद नहीं करने के लिए कहा था।इस पर छतरसिंह बेकाबू हो गया और दोनों के बीच की बहस मारपीट में तब्दील हो गई।दोनों ने एक.दूसरे के साथ पहले हाथापाई की।उसके बाद मौका पाकर छतरसिंह ने राकेश के पेट में चाकू घोंप दिया।बताया जा रहा है कि छतरसिंह चाकू अपने बिस्तर के तकिए के नीचे रखकर ही सोता था।

### पत्नी ने कराई शिकायत दर्ज बोली दरवाजे के पीछे छुपकर किया हमला

घटना के बाद छतर सिंह की पत्नी कुसुम बाई ने बड़वाह पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।हालांकि कुसुम बाई अपने पति से अलग बात कही है। कुसुम बाई ने बताया कि छतरसिंह मुझ पर शंका करता था।सुबह भी जब विवाद हो रहा था तो मेरे बेटे राकेश ने खिड़की से झाक कर मुझे खुद के घर आने के लिए कहा।जब वह दरवाजा खोल के अंदर दाखिल हो रहा था तो छतर सिंह दरवाजे के पीछे छुप गया।जैसे ही राकेश दरवाजे से अंदर आया उसने उसे चाकू घोंप दिया।

# सिरलाय पंपिंग स्टेशन के नहर में मिला 18 वर्षीय युवति का शव



**बड़वाह--सिरलाय पंपिंग स्टेशन के नहर में रविवार को सिरलाय की 18 वर्षीय युवती पल्लवी पिता बिरजू गायकवाड़ का शव मिला था।सोमवार को परिजनों की शिनाख्त के बाद खंडवा के मेडिकल कॉलेज में पल्लवी के शव का पोस्टमार्टम किया गया।शाम को बड़वाह के नावघाट खेड़ी स्थित श्मशान घाट पर पल्लवी के शव का अंतिम संस्कार हुआ।अंतिम संस्कार के बाद देर रात करीब 8.30 बजे परिजन और समाजजन बड़वाह पुलिस थाना पहुंचे।यहां उन्होंने करीब 1 घंटे तक थाना परिसर में बाहर बैठकर धरना दिया और इस पूरे मामले में संदिग्ध युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने की मांग की।**

### पुलिस हर एंगल से करेगी जांच

परिजनों का आरोप है कि पल्लवी के लापता होने के ठीक पहले उसने उसी युवक से बात की थी और घर से निकली थी।इसके बाद पल्लवी वापस घर नहीं लौटी। परिजनों का यह भी मानना है कि पल्लवी आत्महत्या नहीं कर सकती। जरूर उसके साथ कुछ गलत हुआ है।पुलिस घटना की जांच हत्या के एंगल से करें।

### कार्यालय में बैठकर की चर्चा

करीब 50 से अधिक महिला.पुरुष इस पूरे मामले में थाना परिसर में बैठकर थाना प्रभारी का इंतजार करते नजर आए।अस्वस्थ होने के बावजूद थाना प्रभारी उनके बीच पहुंचे और इस पूरे मामले में उन्होंने समाज एवं परिवार के कुछ लोगों से अपने कार्यालय में बैठकर चर्चा की।करीब आधे घंटे तक थाना प्रभारी ने कक्ष में बैठकर उनकी बात सुनी।

### लड़के पर जताया शक

यहां बरगुंडा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश गायकवाड ने कहा कि पल्लवी एक लड़के से फोन पर बात करती थी।जब लापता हुई तो उसके ठीक पहले उसने उसी लड़के से फोन पर बात की।इसके बाद वह घर से लापता हो गई।इसके बाद लगातार परिजन जब उसे तलाशने का प्रयास कर रहे थेए तो उन्हें ऐसी कई महत्वपूर्ण जानकारी और मोबाइल से व्हाट्सएप चैट मिली हैए जो यह इशारा कर रहे हैं कि मामले में कहीं ना कहीं वह लड़का दोषी हो सकता है। हमारी यही मांग है कि जिस लड़के की वजह से आज पल्लवी परिवार एवं समाज के बीच नहीं रही। उसे न्याय मिले।

### दोषी के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

परिवारजनोंए समाजजनों की पूरी बात सुनने के बाद थाना प्रभारी ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह इस मामले में सभी एंगल से जांच करेंगे। साथ ही जो भी दोषी निकलेगा उसके खिलाफ अवश्य कार्रवाई की जाएगी।थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद करीब 9.30 बजे सभी लोग थाना परिसर से रवाना हो गए।

# नर्सिंग विद्यार्थियों ने किया विरोध- 3 साल से परीक्षा नहीं हुई खोला नर्सिंग चाय वाला



खरगोन–बीएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों की तीन साल से परीक्षा नहीं हो पाई है। पढाई व मकान किराए की पूर्ति के लिए विद्यार्थियों ने जिला अस्पताल के सामने नर्सिंग चाय वाला के नाम से ठेला खोल दिया है। शुक्रवार नर्सिंग के सभी विद्यार्थियों को बुलाकर शुभारंभ कराया। विद्यार्थियों का कहना है सरकार हमारी परीक्षा नहीं करा रही है। हमें बीच मझधार में छोड़ दिया है। चाय बेचने को ही रोजगार मान रहे हैं।


आदिवासी छात्र संगठन जिला अध्यक्ष व नर्सिंग के स्टूडेंट मोहन भूरिया ने बताया अजय चौहान व चेतन चौहान ने मिलकर नर्सिंग चाय वाले का ठेला खोला है। बीएससी नर्सिंग 2020 से रेग्यूलर स्टूडेंट हैं। तीन साल से परीक्षा नहीं हो पाई है जबकि कोर्स चार साल का होता है। हम चाय वाले ठेले के माध्यम से माध्यम से शासन प्रशासन को अवगत कराना चाह रहे हैं कि बीएससी नर्सिंग 2020 वालों की परीक्षा जल्दी करवाएं।

विद्यार्थियों ने कहा कि हर माह पांच से सात हजार रुपए का खर्च है। घर वाले अब रुपए नहीं भेजते हैं। क्योंकि वह भी मजदूरी या खेती करते हैं। कोरोना के बाद अब साथ ही बारिश व ओलावृष्टि से नुकसान भी हुआ है।

### आगे दूसरे काम भी करेंगे

जिला उपाध्यक्ष सचिन रंधावा ने कहा कि आगामी दिनों में अन्य काम भी करेंगे। सरकार कहती है कि युवाओं को रोजगार दे रहे हैं, लेकिन यहां तो परीक्षाएं भी आयोजित नहीं कर रही है। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी अशोक जमरे, रेवाराम मकवाना, कपिल पवार ,सुनीता सेनानी, मुन्ना मोरे, सीमा, राजेंद्र, प्रकाश आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना- पहले दिन वार्ड दो, तीन और चार में नपा ने लगाए शिविर, अध्यक्ष बोले- मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना



**बडवाह--प्रदेश की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के फॉर्म भरने की प्रक्रिया शनिवार से प्रारम्भ हो गई है।पहले दिन वार्ड दो तीन और चार में शिविर लगा।इसी तरह तीन.तीन वार्डों में शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों के आवेदन लिए जाएंगे।नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना हमारी प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना है।नपा के कर्मचारियों ने प्रत्येक वार्ड में जाकर पात्र महिलाओं के आधार और समग्र आईडी की ई.केवायसी की प्रक्रिया की। उसके बाद अब 25 मार्च से प्रत्येक वार्ड में शिविर लगा कर योजना की पात्र महिलाओं के आवेदन पत्र लिए जाएंगे।पहले दिन वार्ड क्रमांक 2 3 व 4 में शिविर लगाए गए हैं।सीएमओ कुशल सिंह डोडवे ने बताया कि इस महत्वपूर्ण योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए वार्ड वार शिविर लगाए जा रहे हैं जिससे महिलाओं को कार्यालयों के चक्कर ना लगाना पडे। आने वाले दिनों में अन्य वार्डों में शिविर का आयोजन किया जाएगा।**

### फार्म भरने के समय ये जरूरी

आवेदन पत्र में महिला का नाम पति का नाम मोबाइल नंबर आदि लिखा होना चाहिए।महिला को अपना समग्र आईडी आधार नंबर और बैंक खाता देना होगा। इसके लिए ई.केवाईसी कराना होगा।इसके अलावा आधार को बैंक खाते और समग्र से लिंक करना होगा।

### यह होगी पात्रता

1. इस योजना के लिए महिलाओं का विवाहित होना आवश्यक है विधवा और तलाकशुदा भी आवेदन कर सकते हैं 2.महिला की उम्र 23 से 60 के बीच होनी चाहिए 3.परिवार की वार्षिक आय ढाई लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए ;परिवार का अर्थ है पतिए पत्नी और अविवाहित बच्चेद्ध।

### इन्होंने किया शुभारंभ

शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता एसडीएम बीएस कलेशए सीएमओ कुशल सिंह डोडवे ने वार्ड दो में शिविर में पहुंच कर शुभारंभ किया।इसके बाद नपा कर्मचारियों के साथ शिविर में बैठ कर महिला हितग्रहियों से आवेदन भी लिए गए।

### ये लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर वार्ड पार्षद जागृति नरेंद्र जायसवाल नर्मदाबाई बद्रीलाल पटेल नरसिंह सुरागे योजना प्रभारी अमजद खान समग्र अधिकारी प्रकाश सिंह मनीष शर्माए देवांग जानी रमेश हिरवे सचिन शर्मा रियाज खान जयप्रकाश मुदगल नाजिम खान अजय यादव दीपक जगाती वरुण वोरे अनिल जायसवाल दीपक अटोदे अजय घूसर आदि कर्मचारी वार्ड की हितग्राही महिलाएं और वार्डवासी उपस्थित

# उपभोक्ता संरक्षण समिति के जिला अध्यक्ष पद पर किशोर काले मनोनीत



बडवाह--प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर खरगोन जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नायक एवं पूर्व पार्षद जिला कांग्रेस के पूर्व सचिव अखिलेश व्यास की अनुशंसा पर किशोर काले को मध्य प्रदेश कांग्रेस उपभोक्ता संरक्षण समिति का खरगोन जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया।किशोर काले के मनोनयन पर प्रदेश कांग्रेस महामंत्री नरेंद्र पटेल, ब्लॉक कांग्रेस बड़वाह अध्यक्ष निलेश रोकड़िया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, शहर अध्यक्ष आकाश दांगी बेड़ियों अध्यक्ष सौभाग्य पटेल, दबंग युवा नेता तिलोक राठौर, रमिंदर सिंह भाटिया, अनिल राय, रवि जैन, विष्णु वर्मा सोहन शाह अंकुश वर्मा, शहर अध्यक्ष आकाश दांगी आदि नेताओं ने प्रदेश संगठन का आभार मानते हुए किशोर काले के मनोनयन पर हर्ष व्यक्त किया।